दिन– सोमवार दिनांक– 19 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 10 मिनट

---

01. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– उनतीस मई से देशभर मे विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जायेगा।

02. विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी सरगर्मी बढ़ी। चिराग पासवान ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत जजों के लिए वन रैंक वन पेंशन व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए।

04. और, पूर्णियां, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया में आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे।

———बाइट———

इस अभियान में हम 2170 टीमें बना रहे हैं वैज्ञानिकों की। इसमें कम से कम चार साइंटिस्ट एक टीम में होंगे। इन वैज्ञानिकों के साथ जोडेंगे हम यूनिवर्सिटीज को, कॉलेजेस को, राज्य सरकार के अमले को, केन्द्र की पूरे कृषि विभाग की टीम को, प्रगतिशील किसानों को, एफपीओज को और यह टीम एक जिले में तीन टीमें जाएगी देश में। हर एक टीम जिस एक गांव में जाएगी वहां पांच से लेकर दस गांव के किसान वहां आएंगे।

इस बीच केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर कहा कि राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के किसानों को बहुत लाभ होगा। श्री चौहान ने नई दिल्ली में देशभर के किसानों के विभिन्न समूहों से बातचीत करते हुए कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पानी देना भारतीय किसानों के साथ अन्याय है।

———बाइट———

---

विधानसभा चुनाव लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं के बीच विधानसभा चुनाव में एनडीए की रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और जमुई से लोजपा आर के सांसद अरूण भारती भी मौजूद थे।

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि अपराध के खिलाफ कड़े कदम उठाये जाने चाहिए।

———बाइट———

इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव को नेता प्रतिपक्ष की भूमिका इमानदारी से निभाने की सलाह दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि अपराध के खिलाफ राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

———बाइट———

---

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। मुंगेर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के परिवारवाद को राज्य की जनता खारिज कर चुकी है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नवनियुक्त तीन सौ पंद्रह प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। श्री कुमार ने पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग के खरीफ महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अनुमंडल स्तर पर बासठ कृषि भवन का शिलान्यास और आरा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की आधारशिला भी रखी। श्री कुमार ने बिहार कृषि मोबाईल एप का लोकार्पण किया। इस एप के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी सभी सेवाएं और सूचनाएं डिजिटल रूप से सुलभ होंगी।

---

राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि एक जून से पूरे राज्य में विभागीय कॉल सेंटर शुरू हो जायेगा। श्री सरावगी ने मुंगेर में विभागीस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह घोषणा की। कॉल सेंटर की मदद से राज्य के किसी भी भाग से लोग अपनी शिकायतें साझा कर सकते है। उन्होंने बताया कि विभागीय कार्यों में सक्रियता लाने के लिए एक ऑनलाइन कम्प्लेन मैनेजमेंट सिस्टम भी आठ मई से लागू कर दिया गया है। जिसके माध्यम से किसी भी तरह की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है और उनपर की गई कार्रवाई की अधतन जानकारी ली जा सकती है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि ग्रामीण स्वास्थ्य ढ़ांचे को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। श्री पांडेय ने पूर्वी चंपारण के अरेराज में विभिन्न स्वास्थ केन्द्रों को उद्घाटना और शिलान्यास करते हुए कहा कि राज्य सरकार लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने चौदह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया और बाईस स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का शिलान्यास किया।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत जजों के लिए वन रैंक वन पेंशन व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर गवई की

अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आज इस मामले की सुनवाई करते हुए यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसले में कहा है कि अपर न्यायाधीशों सहित उच्च न्यायालयों के सभी न्यायाधीशों को पूरी पेंशन और सेवानिवृत्त लाभ पाने का अधिकार है। शीर्ष न्यायालय ने आज कहा कि न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों को पेंशन के रूप में प्रति वर्ष 15 लाख रूपये मिलेंगे। ऐसा न करने पर इसे संविधान के अनुच्छेद–14 के अंतर्गत समानता के अधिकार का उल्लंघन माना जाएगा।

---

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। श्री पासवान ने पटना के ज्ञान भवन में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुडे लोग विकसित भारत अभियान में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

———बाइट———

श्री पासवान ने कहा कि युवा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुडकर नौकरी ढूंढने वालों की जगह नौकरी देने वाले बन सकते हैं।

---

मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा समेत राज्य के उत्तर और दक्षिण–पूर्व भागों में आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी वर्षा की आशंका है। इस दौरान वज्रपात की संभावना के मद्देनजर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पुर्णियां, अररिया, किशनगंज, कटिहार समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में भारी वर्षा दर्ज किया गया है। ढेंगराघाट में एक सौ अंठावन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पच्चीस मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ बाईसवां एपिसोड होगा। लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या एम.वाई.जी.ओ.वी–ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की तेइस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

---

पूर्णियां के पूर्व सांसद उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह को जन सुराज पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आज पटना में इसकी औपचारिक घोषणा की।

---

बक्सर जिले में अनुमंडल कार्यालय के पास डुमराव–राजवाहा मार्ग पर भीषण दुर्घटना में डी.के मेमोरियल कॉलेज डुमरी के प्रभारी प्राचार्य कपिलमुनी शर्मा की मौत हो गई। हादसे में कॉलेज के तीन अन्य शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

पटना के बेउर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज प्रतापनगर में अपराधियों ने एक उत्सव हॉल के संचालक संजय यादव को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। फुलवारीशरीफ के डीएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

शिवहर के सब्जी मंडी स्थित तीन किराना दुकान में आगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है।

---

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधिता दिवस के अवसर पर आज पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान में राज्य स्तरीय चित्रांकन और फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

01. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– उनतीस मई से देशभर मे विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जायेगा।
02. विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी सरगर्मी बढ़ी। चिराग पासवान ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात।
03. सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत जजों के लिए वन रैंक वन पेंशन व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए।
04. और, पूर्णियां, अररिया, किशनगंज, कटिहार जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया में आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त